सं०: डब्ल्यू-11037/01/2010-एनबीए-जल

भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण)

8वॉं तल, पर्यावरण भवन,
सीजीओ काम्प्लैक्स, लोधी रोड,
नई दिल्ली, 110003
दिनांक: 25 अगस्त, 2014

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव

प्रभारी-ग्रामीण जल आपूर्ति-असम/अरुणाचल प्रदेश/बिहार/जम्मू एवं कश्मीर/झारखंड/महाराष्ट्र/मणिपुर/मेघालय/मिजोरम/नागालैंड/तमिल नाडु/त्रिपुरा/उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश/ पश्चिमी बंगाल/राजस्थान राज्य।

विषय- ग्रामीण जल आपूर्ति सेक्टर में ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली का कार्यान्वयन।

कृपया उपरोक्त विषयक इस मंत्रालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 27/02/2014 और 09/06/2014 को देखें। यह बताया गया था कि उपरोक्त राज्य एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत निर्माण कार्य/प्राप्ति के लिए ई-प्रौक्योरमेंट प्रणाली को पूर्ण रूप में लागू करें।

2. पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने स्वीकृति आदेश दिनांक 25/02/2012 और 27/11/2013 द्वारा 16 राज्यों के लिए जीईपीएनआईसी (सरकारी ई-प्रोक्योरमेंट) कार्यान्वयन सहायता के लिए अनआईसीएसआई, नई दिल्ली को दो किस्तों में फंड उपलब्ध कराया है। यह राज्यों में ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के पूर्ण रूप से कार्यान्वयन के लिए है। ई-प्रोक्योरमेंट सॉफ्टवेयर/पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों की जांच करने पर यह पाया गया है कि अधिकतर लक्षित राज्य ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली का पूर्णत: उपयोग नहीं कर रहे हैं या बहुत ही कम उपयोग कर रहे हैं तथा इन राज्यों की प्रगति असंतोषजनक है।

3. यह निवेदन है कि निम्न लिखित स्पष्टीकरण/कार्यवाही प्रस्तुत करें

क. क्या राज्यों ने स्टाफ की सेवाएँ प्राप्त की हैं। संख्या/स्टाफ का प्रकार तथा कितनी अवधि के लिए उपलब्ध कराए गए। अपेक्षित स्थिति (स्टेट्स) अति शीघ्र निम्न तालिका अनुसार उपलब्ध कराएँ:-

| क्रम सं० | लगाए गए व्यक्ति | लगाने की अवधि (कितनी अवधि के लिए लगाए गए) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 1 | | | |
| 2 | | | |

ख). इन सेवाओं के साथ किस सीमा तक आपने राज्य में ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली को बदला है। जनवरी, 2013 से रू० 10 लाख या अधिक की राशि की निविदाओं के लिए अपेक्षित महीने-वार स्थिति (स्टेटस) निम्नलिखित तालिक अनुसार शीघ्र उपलब्ध कराएँ:-

| क्रम सं० | अवधि | एनआरडीडब्ल्यूपी कार्यक्रमों एवं सेवाओं के संबंध में कुल निविदाओं में से (% में) ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदाएँ (औसत बताएँ |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी, 2013 | |
| 2 | फरवरी, 2013 | |
| 3 | मार्च, 2013 | |
| 4 | अप्रैल, 2013 | |
| 5 | मई, 2013 | |
| 6 | जून, 2013 | |
| 7 | जुलाई, 2013 | |
| 8 | अगस्त, 2013 | |

4. यह निवेदन है कि अपेक्षित उपरोक्त सूचना तीन सप्ताह में भेज दें यदि आप ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो राज्यों से स्टाफ की सेवाओं को वापस लिया जा सकता है

भवदीय

(राजेश कुमार)

निदेशक (जल)

प्रतिलिपि: 1. मुख्य अभियंता-प्रभारी-ग्रामीण जल आपूर्ति योजना

2. तक. निदे. (एन आई सी) वेबसाइट में डालने के लिए